सेवा मे

दिनांक - 18/11/2021

श्री हरीश द्विवेदी जी,

माननीय सांसद महोदय- लोक सभा क्षेत्र- बस्ती,

22, डुप्लेक्स, नॉर्थ एवेन्यू,

नई दिल्ली- 110001.

महोदय,

विषय: 15507/15008 कृषक एक्सप्रेस ट्रेन का बभनान स्टेशन पर ठहराव समाप्त होने पर समस्या से अवगत करवाने हेतु तथा इस ट्रेन का पुनः बभनान स्टेशन पर ठहराव प्रारम्भ करवाने की प्रार्थना हेतु।

माननीय सांसद महोदय, आपको यह सूचित करने मे अति कष्ट हो रहा है कि ट्रेन संख्या 15007/15008 कृषक एक्सप्रेस का बभनान स्टेशन पर ठहराव समाप्त कर दिया गया है। कोरोना काल से पहले यह ट्रेन बभनान स्टेशन पर उप-डाउन दोनों साइड से रुकती थी। कोरोना काल मे इसको 05507/05008 नंबर से स्पेशल ट्रेन के रूप मे चलाया गया था तो इसका ठहराव बभनान स्टेशन से हटा दिया गया था। आशा थी कि जब यह ट्रेन दोबारा अपने सामान्य नंबर 15007/15008 कृषक एक्सप्रेस बनकर चलेगी तो दुबारा से इसका ठहराव बभनान स्टेशन पर कर दिया जाएगा।

माननीय महोदय, जैसा की आपको ज्ञात है कि अब रेल मंत्रालय सभी ट्रेनो को स्पेशल श्रेणी से हटा सामान्य की तरह संचालन करने की तरफ अग्रसर है, इस ट्रेन को भी 05007/05008 से बदलकर पुनः पुराने ट्रेन नंबर 15007/15008 बना कर चलाना प्रारम्भ किया गया है। परंतु आपको यह बताते हुए अत्यंत दुख हो रहा है कि रेल मंत्रालय ने जब दोबारा इस ट्रेन को सामान्य की तरह चलाया है, तो उप-डाउन दोनों साइड मे बभनान स्टेशन पर इसका ठहराव हटा दिया है।

माननीय, आपको ज्ञात है कि बभनान स्टेशन एक ऐसा स्टेशन है जो आस पास के 15-20 किलोमीटर के ग्रामीण क्षेत्र के लिए ट्रेन यात्रा करने को सुगम बनाता है। बभनान स्टेशन से न सिर्फ बभनान नगर पंचायत के लोग, बल्कि आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो के लोग व्यापार, इलाज, शिक्षा आदि के लिए राज्य कि राजधानी लखनऊ आते जाते रहते है। ट्रेन संख्या 15008 कृषक एक्सप्रेस रात को 11:10 पर लखनऊ से चलती थी जिससे कि अपने किसी भी कार्य से लखनऊ जाने वाला व्यक्ति पूरा दिन अपना काम करके रात को इस ट्रेन से आराम से वापस बभनान स्टेशन चला आता था। ट्रेन संख्या 15007 रात को 2 बजे बभनान से लखनऊ की तरफ जाती थी, जो सुबह 6 बजे लखनऊ पहुँच जाती थी, जिससे कि इलाज इत्यादि के लिए जा रहे लोग सुबह लखनऊ पहुँच कर डॉक्टर के यहा जल्दी नंबर लगा कर आसानी एवं समय से अपना इलाज करवा लेते थे। माननीय, इस ट्रेन के उप-डाउन दोनों साइड से बभनान स्टेशन पर ठहराव हटने से आम जनता को भारी तकलीफो का सामना करना पड़ रहा है।

महोदय, पहले भी जनता की मांग पर आपके द्वारा इस बभनान स्टेशन पर कई ट्रेनो का ठहराव बढ़वाया गया है। अतः प्रार्थी का आपसे सविनय निवेदन है कि कृपया इस ट्रेन का ठहराव बभनान स्टेशन पर फिर से करवाने का कष्ट करे। ये एक प्रतिनधि से एक आम जनता की प्रार्थना है, जो स्वीकार होगी ऐसी आशा है। धन्यवाद

आपका आभारी

प्रशान्त 18/11/2021

प्रशांत कुमार सोनी

वार्ड नं.- 10, बभनान बाज़ार, ज़िला-बस्ती।